वार्षिकोत्सव संपन्न

करौली (नि.स.)। अग्रवाल वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति का 9वां वार्षिकोत्सव जिला मुख्यालय स्थित अग्रवाल समाज सदन में अध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता कि अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 80 वर्ष से अधिक आयु पार वृद्धों का सम्मान किया गया। इसी के साथ विशम्भर दयाल बंसल पटवारी को समिति का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आयुर्वेद विभाग के सेवानिवृत उपनिदेशक श्यामबाबू गुप्ता ने कहा कि बुजुर्गों के सम्मान के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिए। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत प्रधानाध्यापक लच्छीलाल गुप्ता, पूरणचंद गुप्ता,अध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। इससे पूर्व अतिथियों ने भगवान अग्रसेनजी के चित्रपटट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच का संचालन रमेश गुप्ता डीओ ने किया।

इस मौके पर राधेमश्याम गुप्ता टेंट वाले, गोविन्द गुप्ता लोहे वाले, नेमीचंद गुप्ता, तुलसी फरेटिया, गोविन्द सर्राफ, हरीचरण गुप्ता, एडवोकेट केके बंसल, हरीचरण गुप्ता बैंक वाले, एडवोकेट रामजीलाल गुप्ता, श्याम प्रकाश गुप्ता, शिवजीप्रसाद, रामेश चंद बृजमोहन गुप्ता, गायत्री सर्राफ सहित दर्जनों महिला पुरूष उपस्थित थे।विशम्भर दयाल निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित कार्यक्रम के अंत में समिति का चुनाव कराए गए।

अहीर महासभा समिति भरतपुर का 15वां प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

भरतपुर (निस)। जिला अहीर महासभा समिति का 15वॉ प्रतिभा सम्मान समारोह कन्हैया गार्डन बाग का नगला, कुम्हेर में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि महन्त बाबा बालक नाथ पूर्व सांसद एवं विधायक तिजारा, अध्यक्षता डॉ कर्णसिंह यादव अध्यक्ष राजस्थान यादव महासभा, विशिष्ट अतिथि वस्ती राम यादव प्रधान बहरोड़, डॉ चिनमयी यादव सहायक प्रोफेसर एसएमएस जयपुर, हुकम सिंह यादव पूर्व प्रधान नगर, डॉ दिलीप सिंह यादव, एसएस यादव एलआईसी भरतपुर रहे। कार्यक्रम में 250 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

- **महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर किशोरी महल पर समापन मैराथन दौड में प्रथम पुरस्कार धर्मेन्द्र जिरौली, द्वितीय पुरूस्कार सुनील चाहर व तृतीय पुरूस्कार दुष्यन्त चौधरी को दिया**

प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में 250 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में जगदीश प्रसाद यादव विस्दा, मनोज कुमार यादव ककरारा, सुदामा सरपंच जयश्री, इन्द्रजीत सरपंच बेरूं, प्रताप यादव सरपंच आलमशाह, रूपसिंह यादव एडवोकेट धिलावटी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मानसिंह यादव पाटका एवं हुकम सिंह यादव गुरीरा ने संयुक्त रूप से किया। अन्त में जिलाध्यक्ष देवकी नन्दन यादव द्वारा अतिथियों का आभार एवं अभिनन्दन तथा आभार प्रकट किया गया तथा कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

विजेताओं को पुरस्कार दिया : महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर किशोरी महल पर समापन मैराथन दौड में प्रथम पुरस्कार धर्मेन्द्र जिरौली, द्वितीय पुरूस्कार सुनील चाहर व तृतीय पुरूस्कार दुष्यन्त चौधरी को दिया गया। विधायक बहादुर सिंह कोली, कलैक्टर डॉ अमित यादव, अनिल अनोखी अरविन्द पाल सिंह, धीरेन्द्र पाल सिंह बिल्लू ने पुरूस्कार वितरण किये। लडकियों में बादल कुन्तल प्रथम, मिनीषा लवी द्वितीय व खुशी को तृतीय पुरूस्कार डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेष सिंह ने दिये। इस अवसर पर जाट सूरज सेना में सुखवीर सिंह, मनोज अग्रवाल, हुकम सिंह, जगदीश गोयल, कौशल गुप्ता, राजीव कुन्तल, रूद्र प्रताप सिंह, मनोज शर्मा, हर्षित अंधाना, रॉकी सिंह आदि मौजूद थे।

प्रीमियर लीग का शुभारंभ

हिण्डौन सिटी । हेलीपेड स्टेडियम पटोंदा में गुरुवार को पंचम शीतकालीन पीपीएल एकल ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ ।

आयोजन कमेटी के सदस्य गौरव नाहरवाल व सुरेन्द्र ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि युवा जाट महासभा करौली जिलाध्यक्ष करतार सिंह चौधरी धंधावली रहे व विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत पटोंदा सरपंच प्रतिनिधि हरि सिंह मीना , हरिबाबू एडवोकेट, हरिनारायण शर्मा, देवीसहाय चौधरी, रामाधार, दिनेश चौधरी, गोपाल, सुरेन्द्र, भूरा, राधेश्याम, निरंजन , वकील रहे । प्रतियोगिता का उद्घाटन फीता काटकर किया ।

मुख्य अतिथि करतार चौधरी ने सभी टीमों को खेल को खेल की भावना से खेलने और खेल में अनुशासन बहुत जरूरी है, हार से निराश नहीं हो अपना प्रयास जारी हैं एक दिन जरूर जीत मिलेगी। प्रतियोगिता में करीब 70 टीम हिस्सा ले रही हैं।

प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 41 हजार रुपए नगद एवं शील्ड, एवं द्वितीय उप विजेता विजेता टीम को 21 हजार रुपए नगद एवं शील्ड प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेन ऑफ द मैच, एवम मेन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में चौके छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

सार-समाचार

भाजपाईयों ने वीर बाल दिवस मनाया

करौली (नि.स.) । देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में वीर बाल दिवस का कार्यक्रम मनाया गया तथा बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कि गई। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार कार्यक्रम कि जिला स्तरीय समिति के सहसंयोजक विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी उपस्थित रहे। योगी द्वारा बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह के धर्म कि रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान के बारे मे बताया व बच्चों में धैर्य,साहस और त्याग के गुणों को विकसित करने की बात कही। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री आशीष जैन,तेजेंद्र सिंह, विद्या देवी वैष्णव,सुमित भट्ट, धन सिंह, कपिल पाराशर, आशुतोष पाराशर, पंकज, डूंगर सिंह, आशीषआदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में सस्टेनेवल डवलपमेंट गोल्स 2030 की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने सस्टेनेवल डवलपमेंट गोल्स 2030 के 17 लक्ष्यों से संबंधित इन्डीकेटर की समीक्षा की तथा जिन विभागों के इन्डीकेटर ऐस्पाईरेन्ट श्रेणी में है उन विभागों के अधिकारियों को प्रगति बढाने हेतु निर्देशित किया गया, उन्होंने सभी विभागों को पुनः निर्देशित किया गया कि संबंधित विभाग में संचालित योजनाओं के लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की जाये जिससे जिले की रैंक में प्रगति लाई जा सके। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा, कार्यवाहक उपखण्ड अधिकारी करौली कौशल गर्ग, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक बीडी शर्मा, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक मुकेश कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आभार जताया

गंगापुर सिटी । राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला गंगापुर सिटी का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष गोविंद देव मीणा के नेतृत्व में गुरूवार को जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक गंगापुर सिटी देवी लाल मीणा के स्वागत एवं आभार प्रदर्शन के लिए उनके कार्यालय में मिला। जिसमें अधिशेष शिक्षकों के समायोजन में गंगापुर जिले से 89 शिक्षकों का समायोजन राज्य सरकार की गाइडलाइन एवं नियमानुसार ब्लॉक स्तरीय कमेटी द्वारा करने पर प्रशंसा की गई। सभी शिक्षक संतुष्ट नजर आए जिसकी संगठन प्रशंसा करता है। इस अवसर पर संगठन द्वारा शिक्षक समस्याओं का ज्ञापन भी दिया गया। शिक्षक समस्याओं में अवकाश काल में आरपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में पी एल का लाभ देने, शिक्षा कर्मियों को चार माह से रुका हुआ वेतन भुगतान कराने, कुक कम हेल्पर की मानदेय राशि व कुकिंग कन्वर्जन राशि का शीघ्र भुगतान कराने, विद्यालय को दी जाने वाली ग्रांट एसएफजी/ विद्युत /पेयजल/यूको क्लब /खेल ग्रांट की राशि शीघ्र खातों में स्थानांतरित करने संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। संगठन की वार्ता में शिक्षा कर्मियों का वेतन सीबीबीईओ से वार्ता कर आज ही जमा कराने के निर्देश प्रदान किये। अन्य समस्याओं का निस्तारण शीघ्र करने का आश्वासन प्रतिनिधिमंडल को दिया। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष गोविंद देव मीणा, जिला संगठन मंत्री बजरंग लाल गुर्जर, जिला मंत्री मोहनलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष गोविंद सहाय मीना, खेमचंद वर्मा, अनीता मीणा, दिनेश चंद शर्मा, प्रधानाचार्य भगवान सहाय गुप्ता, प्रधानाचार्य साजिद जैदी, रामदयाल मीणा, सतीश घुरैया, दीपक बिजोलिया, हरभान मीना, भूपेश गुप्ता सहित 4० शिक्षक उपस्थित रहे।

मांगों को लेकर शासन सचिव से वार्ता

करौली । राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न कैडर की वित्तीय मांगों को लेकर वित्त शासन सचिव से वार्ता की राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में खुशहाल यादव शासन सचिव वित्त से विभिन्न मांगो को लेकर वार्ता की। संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि राजस्थान के सभी केडर के शिक्षकों की लंबे समय से चली आ रही वित्तीय मांगो के निस्तारण को लेकर शासन सचिव वित्त से वार्ता की गई।इन मांगों में प्रमुख रूप से शिक्षकों की छठें एवं सातवे वेतनमान की विसंगतियों को दूर करते हुए खेमराज कमेटी एवं सावंत कमेटी की रिपोर्टों को सार्वजनिक कर केन्द्र के अनुरूप सातवें वेतनमान में पे-मैट्रिक एवं लेवल निर्धारित करके 01.01.2016 से नगद परिलाभ देने, राजस्थान कांट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल 2022 के अन्तर्गत संविदा पदों को नियमित पद के तहत प्रारम्भिक शिक्षा में कार्यरत संविदा शिक्षकों के बजट मद का उल्लेख करते हुए 23000 पदों की वित्तीय स्वीकृती जारी करवाने, सत्र 2020-21 से सत्र 2024-25 तक नव क्रमोन्नत समस्त विद्यालयों में शिक्षा निदेशालय राजस्थान, बीकानेर से प्राप्त प्रस्तावानुसार पद सृजित करवाकर वित्तीय स्वीकृति जारी करने की मांग की।

अंकुर को दी बधाई

सूरौठ । कोटा यूनिवर्सिटी द्वारा बीएससी बीएड 2022 के गोल्ड मेडल लिस्ट छात्र व छात्राओं कि लिस्ट नेट पर अपलोड किए जाने पर सूरौठ कस्बा निवासी अंकुर पुत्र लक्ष्मण मित्तल के द्वारा बीएसस बीएड में प्रथम स्थान प्राप्त कर कोटा यूनिवर्सिटी टॉप करने पर कस्बा वासियों ने विद्यार्थी अंकुर मित्तल व परिजनों को दूरभाष पर दी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। गोल्ड मेडल लिस्ट छात्र-छात्राओं को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा । अंकुर मित्तल व दो बहिनों सहित तीन भाई बहिन है जिसमें अंकुर मित्तल के पिता लक्ष्मण मित्तल व्याख्याता पद पर हैं। माता गृहणी है, अंकुर मित्तल कि बडी बहन पारुल मित्तल सैकेंड ग्रेड टीचर पद पर कार्यरत हैं, छोटी बहन पूनम मित्तल तृतीय श्रेणी शिक्षक पद पर कार्यरत हैं, अंकुर मित्तल अपने करियर में अपने पिता कि तरह व्याख्याता बनकर अपने गांव सूरौठ तहसील का नाम रोशन करना चाहते हैं।

बैठक आयोजित

करौली । जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नीति आयोग के आशांवित जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को नीति आयोग के इंडीकेटर्स, बकाया उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं अन्य के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद शिवचरण मीणा,पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक गंगासहाय मीणा, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सत्यनारायण नावरिया,आर्थिक एवं साख्यिकी विभाग के उपनिदेशक मुकेश कुमार,कृषि अधिकारी सत्यदेव प्रजापत,मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद मीणा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

युवाओं ने दिखाया अपना हुनर

भरतपुर (निस)। राजस्थान युवा बोर्ड एवं नेहरू युवा केन्द्र भरतपुर के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2024 का आयोजन गुरूवार को यूआईटी ऑडिटोरियम में किया गया।

महोत्सव में लोक नृत्य, लोक गीत, भाषण प्रतियोगिता, वाद्य यन्त्रों की प्रस्तुति, विज्ञान एवं डिजीटल मेला, चित्रकला, कविता एवं हस्तकला के माध्यम से युवाओं ने अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया। महोत्सव के मुख्य अतिथि डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह ने युवाओं के हुनर की सराहना करते हुए कहा कि भारत युवाओं का देश है, भारतीय युवाओं में प्रतिभाओं का भण्डार है, उन्हें बस एक मंच की आवश्यकता है जिसके माध्यम से वह अपने हुनर को प्रस्तुत कर सकें। समारोह की अध्यक्षता कर रहे जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा महोत्सव युवाओं के हुनर को मंच प्रदान करने की एक अनुपम पहल है। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव के माध्यम से राज्य के युवा कलाकारों की खोज करके उन्हें मंच प्रदान कर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु तैयार करके उनको स्वावलम्बी बनाना है। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में एडवाकेट मनोज भारद्वाज, गिरधारी तिवारी एवं गिरधारीलाल गुप्ता, मुख्य शिक्षा अधिकारी मधु भार्गव, संयुक्त निदेशक विनोद कुमार धवन, उप निदेशक नेहरू युवा केन्द्र सुनील राणा, उप निदेशक महात्मा गाँधी प्रकोष्ठ भरतपुर संभाग दलवीरसिंह, जिला खेलकूद सहप्रभारी विजयसिंह कुंतल, नीलिमा छावडा, संगीता फौजदार, गम्भीरसिंह सहित शिक्षा विभाग के अधिकारीगण व प्रतिभागी मौजूद रहे।

अंबेडकर पर टिप्पणी करने का विरोध

करौली (नि.स.) । केंद्र के गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा भीमराव अंबेडकर के प्रति अपमानजनक और निंदनीय टिप्पणी करने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवराज मीणा,करौली के पूर्व विधायक लखन सिंह मीणा,रविंद्र बेनीवाल,नरेश सिंह गुर्जर,उदय सिंह जाटव,प्रभाव चैधरी,महावीर जी ब्लॉक अध्यक्ष मोहन सिंह,जिला प्रमुख प्रतिनिधि रक्षीलाल बैरवा,परमोली,पुष्पेंद्र मीना सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी,पूर्व पार्षद तारा सिंह गुर्जर, रविंद्र गुर्जर, करौली शहर ब्लॉक अध्यक्ष रामगोपाल माली के अलावा भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारीयों ने अंबेडकर पार्क स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर कि प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे।

4 मृतकों का 48 घंटे बाद हुआ पोस्टमॉर्टम

करौली । करौली-गंगापुर सडक मार्ग स्थित सलेमपुर गांव के पास निजी बस और कार कि टक्कर में पांच लोगों की मौत के बाद 4 मृतकों का पोस्टमॉर्टम 42 घंटे बाद हो सका है। मृतक कि पूर्व पत्नी और बेटी,वर्तमान पत्नी के भाई और बहन के करौली अस्पताल पहुंचने के बाद पोस्टमॉर्टम कराया गया।

गौरतलब है कि गंगापुर मार्ग स्थित सलेमपुर गांव के पास मंगलवार शाम एक निजी बस और कार में भिड़ंत हो गई थी। दुर्घटना में कार सवार नयन देशमुख उनकी पत्नी जयश्री अनीता, बेटी मनस्वी और पुत्र खुश देशमुख और नयन देशमुख की बहन प्रीति भट्ट कि मौके पर ही मौत हो गई थी। जिनके शवो को करौली सामान्य चिकित्सालय कि मोर्चरी मे पोस्टमॉर्टम के लिए सुरक्षित रखा गया। दुर्घटना मृतक प्रीति भट्ट का बुधवार शाम पोस्टमॉर्टम के बाद शव उसके पति वासुदेव भट्ट और पुत्र कृष्णा के सुपुर्द कर दिया था लेकिन अन्य के परिजनों के नहीं पहुंचने के कारण पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका था। यहां गौरतलब है कि नयन देशमुख कि दो शादियों कि बात सामने आई पहली पत्नी करुणा देशमुख और पुत्री नैना देशमुख है जबकि दूसरी पत्नी जयश्री देशमुख है।

दुर्घटना में दूसरी पत्नी जयश्री अनीता देशमुख सहित पूरा परिवार खत्म हो गया। अब पहली पत्नी बताते हुए करुणा देशमुख अपनी पुत्री के साथ करौली अस्पताल पहुंची है। हालांकि दूसरी पत्नी जयश्री अनीता देशमुख के भाई और नयन दे'ामुख कि छोटी बहन भी अस्पताल पहुँची है घटना कि जानकारी मिलते ही इंदौर शहर स्थित 'ाव'ाक्ति नगर कॉलोनी के नगर अध्यक्ष रोहित भावले,योगे'ा चैधरी,सु'ाील गोर भी करौली अस्पताल पहुँचे मामले मे आये मोड को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम पूरे घटनाक्रम के दौरान सराहनीय भूमिका निभाने वाले बबलू शुक्ला व कुंडगाव थानाधिकारी रूकमणी ने मृतक कि बहन,पूर्व कि पत्नि व उसकी बेटी व उनकी कॉलोनी निवासरत लोगो से समझाई'ा कर विवाद नही करने और मृतको का संस्कार इंदौर मे ही करने कि बात कहते हुए अस्पताल के मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराकर एंबूलेंसो के माध्यम से चारो मृतको के शवो को इंदौर के लिए रवाना किया।

शांतिपूर्ण यात्रा सम्पन्न होने पर जताया आभार

करौली। हिंदू स्वाभिमान यात्रा कार्यक्रम कि आयोजन समिति ने कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न होने पर जिला प्रशासन, पुलिस और आमजन सहित व्यापारिक संगठनों का आभार जताया है।

करौली जिला मुख्यालय स्थित 132 के.वी. जीएसएस कॉलोनी में वेद प्रकाश उपाध्याय उर्फ बंटू नेता के निवास पर धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें हिंदू स्वाभिमान यात्रा आयोजन समिति के अध्यक्ष भाजपा नेता सतबीर चंदीला,संयोजक रमेश राजोरिया,वेद प्रकाश उपाध्याय, विपिन शर्मा, राजेश बजाज,खीरेंद्र शास्त्री सहित कई अन्य पदाधिकारीयो ने गत 17 से 23 दिसंबर तक मदन मोहन जी मंदिर में आयोजित हुई श्रीमद् भागवत कथा एवं 24 तारीख को करौली जिला मुख्यालय पर निकली हिंदू स्वाभिमान रैली के सफल आयोजन और शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए करौली जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय सहित पूरे पुलिस स्टाफ सहित जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों और करौली शहर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों,आमजन और कलश यात्रा में शामिल हुई हजारों महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से हिंदू स्वाभिमान यात्रा शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई इस अवसर पर श्रीविद्या उपासक सनातन जी महाराज ने कहा कि धार्मिक नगरी करौली में आने का मौका मिला यहां के शक्ल हिंदू समाज ने जो हमारा साथ,सहयोग दिया उसके लिए हम दिल से आभारी हैं ऐसा लग रहा था मानो वृंदावन झूम उठा हो और करौली का हिंदू जाग गया हो उन्होंने कहा कि इसके आगे सुखद परिणाम देखने को मिलेंगे एक बार फिर आयोजन समिति ने सभी लोगों का दिल से आभार जताते हुए इसी तरह सहयोग करने की अपील की।

विशेष शिविर आयोजित

भरतपुर (निस)। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो सुजाता चौहान ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरिओम सिनसिनवार तथा विशिष्ट अतिथि प्रांजल गुधैनियाँ रहे। प्राचार्य प्रो चौहान ने राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाईयों को सात दिवसीय विशेष शिविर के निर्वहन एवं सफल समायोजन की बधाई दी। वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो निशा गोयल ने स्वयं सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनएसएस शिविर स्वयंसेविकाओं के सर्वांगीण विकास का माध्यम है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी दीवान सिंह ने सात दिवसीय शिविर की सम्पूर्ण गतिविधियों को सारांशतः प्रस्तुत किया।

स्पोर्टस मीट का धूमधाम से आगाज

भरतपुर (निस)। विवेकानन्द पब्लिक सीसै स्कूल, आर्य समाज रोड़, भरतपुर में 26 दिसम्बर गुरूवार को "स्पोर्टस मीट 2024-25" का बडे धूमधाम से आगाज हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष अनन्तराम आर्य ने की।

सर्वप्रथम अतिथिगण ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रतियोगिताओं में सर्वप्रथम प्री-प्राइमरी कक्षाओं की प्रतियोगिताओं में कक्षा नर्सरी के बच्चों की टॉफी रेस हुई जिसमें छवि शर्मा प्रथम, दिशिता बबेनिया द्वितीय एवं वैष्णवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टॉफी रेस में बड़ी ही मजेदार स्थिति तब बनी जब छोटे बच्चे रेस भूलकर टॉफी खाने में मग्न हो गये। एक अन्य दौड़ में कक्षा एलकेजी के छात्र शिवांश प्रथम, आस्था अग्रवाल द्वितीय एवं मानवेन्द्र तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा एलकेजी व यूकेजी के विद्यार्थियों की इन एण्ड आउट गेम में प्रथम स्थान पर योगिता खण्डेलवाल, द्वितीय स्थान पर सोम्या एवं तृतीय स्थान पर डिम्पल गोयंका रही। इन एण्ड आउट की कक्षा प्रथम व द्वितीय के विद्यार्थियों में देव कुमार प्रथम, वेदान्त द्वितीय व मोहनी तृतीय स्थान पर रहे। नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी की कविता प्रतियोगिता हुई जिसमें कक्षा नर्सरी में छवि शर्मा प्रथम, आन्या बिंदल द्वितीय एवं दिंगबर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

एलकेजी में उदित गर्ग प्रथम, कृष्णदेव शर्मा द्वितीय, आस्था अठावाल व मन्नत खण्डेलवाल तृतीय रहे। यूकेजी में आरव चौहान प्रथम, योग्य खण्डेलवाल द्वितीय व डिम्पल गोयंका व पारूष अठावाल तृतीय रहे एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में हरप्रीत कौर प्रथम, यशी एवं आन्या खण्डेलवाल द्वितीय तथा विधि राजौरिया एवं लिवांशी शर्मा तृतीय स्थान पर रहे तथा सांत्वना पुरूस्कार के लिए जय तिवारी व अंशिका को चुना गया। एक अन्य प्रतियोगिता में पहली से कक्षा तीसरी तक, कक्षा चौथी से कक्षा छठवीं तक, कक्षा सातवीं से नवीं तक एवं 10वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की एकल गायन प्रतियोगिता आयोजित हुई। सभी विजेताओं को कार्यक्रम के अध्यक्ष अनंतराम आर्य एवं विद्यालय सचिव सत्यव्रत आर्य ने विजयी रहने पर बधाई दी तथा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं असफल प्रतियोगियों को प्रयत्नशील रहने की प्रेरणा दी।

गोद लिए गांव में सफाई की

भरतपुर (निस)। महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालयए भरतपुर की एनएसएस की चारो ईकाईयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के पाँचवे दिन प्राचार्य डॉ. हरबीर सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा गोद लिए गए गांव नगला बरसो में सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया गया। प्राचार्य ने स्वच्छता के महत्त्व पर स्वयंसेवकों से चर्चा की। कार्यक्रम अधिकारी पुजारी ठाकुर सिंह के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर स्थित साइकिल स्टैण्ड एवं पार्किंग कैंपस में घास और बबूल की कटाई करवा कर उनका निस्तारण करवाया। कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार रैकवार के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर स्थित वनस्पति शास्त्र विभाग में श्रमदान कार्य करवाया एवं कचरे को एकत्रित करवा कर उसका निस्तारण करवाया। कार्यक्रम अधिकारी देशमुख सिंह एवं गिरधारी लाल महावर के निर्देशन में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने गोद लिए गए गांव नगला बरसो में ग्राम पंचायत भवन के चारों तरफ, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरसो, एवं राजकीय पशु चिकित्सा उप केंद्र बरसो में सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया गया। कार्यक्रम अधिकारी देशमुख सिंह एवं गिरधारी लाल महावर ने ग्राम बरसो में उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बडी सँख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सभी स्वयंसेवकों ने अपने परिवेश तथा समाज में भी स्वच्छता बनाए रखने का प्रण लिया।

सुशासन दिवस मनाया

गंगापुर सिटी में पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयन्ती मनाई।

गंगापुर सिटी । युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार नेहरू युवा केंद्र के माय भारत वॉलिंटियर्स एवं स्वामी विवेकानंद युवा मंडल द्वारा गंगापुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साइंसेज परिसर में हमारे प्रेरणास्त्रोत पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य मे इस बार प्रशासन गाँव की ओर थीम पर सुशासन दिवस मनाया गया।

युवा स्वयंसेवक रिजुल गर्ग ने बताया क्या हार में क्या जीत में किंचित नही भयभीत मै, कर्तव्य पथ पर जो भी मिला यह भी सही वो भी सही यह अटल जी की कही बात है। कार्यक्रम की शुरुआत अथितियो द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी और स्वामी विवेकानंद के चित्रपट पर माल्यार्पण कर एवं समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। मुख्य अतिथि के रूप में जनरल सर्जन डॉ. रवि मीणा ने कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया और कहा की अटल जी वो शक्स थे जिन्होंने अपना जीवन भारत देश के लिए न्योछावर कर दिया। विशिष्ट अतिथि ब्लड बैंक प्रभारी सचिन शर्मा ने अपने उद्बोधन मे युवाओं के समक्ष कहा भारत के 10० वे प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस मनाते हुए आज गर्व महसूस हो रहा हैं, सुशासन का मतलब सरकारी कार्यो को सही प्रकार से करना है। हम युवाओं को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए की अपने लक्ष्य के प्रति अटल, ईमानदार व सजग हो। विशिष्ट अतिथि नर्सिंग ट्यूटर चेतराम सैनी, नर्सिंग ट्यूटर भूषण शर्मा ने भी अपने-अपने विचार से युवाओं को मार्गदर्शित किया। 12 दिसंबर से 12 जनवरी 2025 तक स्वामी विवेकानंद मास के उपलक्ष में स्वामी के विचार समझाए व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी छात्र छात्राओं ने भाग लेकर अपनी भूमिका निभाई और सडक सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूक किया। कार्यक्रम समापन में अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मंच संचालक शिक्षक गौरव भारद्वाज ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में युवा मंडल सदस्य राहुल जागा, संजय प्रजापत, नितेश महावर, टीकम अग्रवाल व इंस्टिट्यूट स्टाफ सहित सैकडो युवा शामिल हुए।

कार्यालय पंचायत समिति करौली

क्रमांक/पसक/लेखा/सामग्री निविदा/2024-25/1894-99 दिनांक: 26.12.2024

ई-निविदा सूचना सं. 1/2024-25

पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायत समिति करौली के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत हैण्डपम्प एवं ट्यूबवेल निर्माण एवं स्थापना हेतु उक्त कार्य के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-बोली के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए खुली प्रतियोगी बोली द्वारा दर संविता हेतु ऑन-लाईन निविदाऐ आमंत्रित की जाती है। समस्त कार्यों के लिये निविदा शुल्क एवं अमानता राशि विकास अधिकारी पंचायत समिति करौली के नाम एवं प्रोसेसिंग शुल्क MD RISL के नाम देय बैकर्स चैक/डी.डी. के माध्यम से जमा करानी होगी। अन्य शर्तें कार्यालय समय पर देखी जा सकती है।

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क | बोली प्रतिभूति राशि | ऑनलाईन निविदा विक्रय/डाउनलोड/अपलोड करने की दिनांक एवं समय | निविदा डीडी एवं हार्ड कॉपी जमा कराने का दिनांक | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |